PUNJAB KESARI
पंजाब केसरी

Date: 04 March 2010; Edition: Punjab

# पी.वी.आर. में होगा आई.पी.एल. मैचों का सीधा प्रसारण



पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओम सिने गार्डन के संचालक पंकज खेमका व अन्य। (पंकज)

सिरसा, 3 मार्च (ब्यूरो): देशभर में होने वाले आई.पी.एल. ट्वैंटी-20 मैचों का सीधा प्रसारण ओम सिने गार्डन में सैटेलाइट के माध्यम से किया जाएगा। उक्त बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओम सिने गार्डन के संचालक पंकज खेमका ने दी। उन्होंने बताया कि 45 दिन में कुल 60 मैच होंगे जिनके लिए थिएटर में अलग से हाल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि थिएटर स्क्रीन पर टी.वी. सैट की अपेक्षा 30 प्रतिशत ज्यादा ग्राऊंड दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि दर्शकों को पूरा प्राकृतिक माहौल मिलेगा वहीं उनके मनोरंजन के लिए सैलीब्रेटीज की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम का मजा थिएटर में दिलवाने के उद्देश्य से क्रिकेट प्रेमियों के लिए भारत में पहली बार मैचों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। खेमका ने बताया कि मैंचों के दौरान क्रिकेट जगत से जुड़ी हस्तियां भी दर्शकों के बीच पहुंचेगी। इस अवसर पर यू.एफ.ओ. कंपनी के अधिकारी कपिल अरोड़ा ने कहा कि उनकी कंपनी द्वारा 10 वर्षों के लिए आई.पी.एल. मैचों के प्रसारण का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि चुने हुए सिनेमा में ही मैच प्रसारित किए जाएंगे।